# अध्याय 5: हांगकांग में यात्रा करना

## सड़क पार करने के कोड

फुटब्रिज, सबवेज "ज़ेबरा" क्रॉसिंगया "ग्रीनमैन" क्रॉसिंग का उपयोग कर के सड़क पार करना सुरक्षित है। यदि आपको आस-पास कोई क्रॉसिंग सुविधा नहीं मिलती तो सड़क पार करने के कुछ बुनियादी चरण है जिन पर आपको ध्यान देना चाहिए:

1. एक सुरक्षित स्थान ढूंढे जहाँ आप स्पष्ट रूप से सभी दिशाओं में किसी भी आने वाले यातायात को देख सकें।
2. यातायात को देखते समय किनारे से थोड़ा पीछे रहे जहाँ आप यातायात से दूर रहेंगे।
3. चारों तरफ यातायात को देखें और सुनें। परंतु, मोटरसायकलों सहित इलेक्ट्रिक/हायब्रिड वाहन बहुत शांत आवाज में चल सकते हैं। सुनने के अलावा आपको उन्हें देखने की जरूरत होगी। यदि यातायात आ रहा तो तो उसे गुजरने दें। चारों तरफ देखें और फिर से सुनें।
4. वाहन चालकों को आपके सड़क पार करने का इरादा पता लगने दें परन्तु चालक से गाड़ी धीमा करने की अपेक्षा न करें।
5. सड़क पार न करें जब तक आप सुनिश्चित न हों कि आपके पास काफी समय है। जब यातायात नजदीक न हो तो सड़क को सीधे पार करें।
6. सड़क पार करते समय आपकी नजर में आने वाले या नजदीक आने वाले वाहनों को देखते तथा सुनते रहें।
7. सड़क पार करते समय कोई अन्य गतिविधियां जैसे खान-पान करना, मोबाइल गेम खेलना, मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना, ऑडियो डिवाइस पर सुनना या बातें करना मत करें। अपना पूरा ध्यान ट्रेफिक पर रखें।

## क्रॉसिंग सुविधाओं का इस्तेमाल करना

व्यस्त सड़कें पार करने में आपकी सहायता करने के लिए अकसर क्रॉसिंग सहायक प्रदान किए जाते हैं।

**फुटब्रिज तथा सबवे**: फुटब्रिज, सबवे और ऊँचे उठे पैदल मार्ग व्यस्त सडकों को पार करने के लिए सबसे सुरक्षित स्थान है क्योंकि वे पैदल चलने वाले यात्रियों को यातायात के खतरों से दूर रखते हैं।

**"ज़ेबरा" क्रॉसिंग**: "ज़ेबरा" क्रॉसिंग को सड़क पर काली तथा सफ़ेद पट्टियों तथा दोनों तरफ टेढ़ी-मेढ़ी रेखाओं के साथ चिन्हित किया जाता है। टेढ़ी-मेढ़ी रेखाएं वाहन चालकों को सतर्क करती हैं कि पैदल यात्री सड़क पार कर रहे हो सकते हैं या इसका इंतजार कर रहे होंगे। ये वाहन चालकों को यह भी बताती है कि क्रॉसिंग पर उन्हें पैदल यात्रियों को रास्ता देना चाहिए। एक पीला बिकन, जो आम तौर पर फ़्लैश करता है, क्रॉसिंग के स्थान को चिन्हित करता है। हमेशा वाहन चालकों को आपको देखने, गाड़ी धीमी करने तथा आपके सड़क पार करना शुरू करने से पहले काफी समय प्रदान करें। यदि आवश्यक हो तो क्रॉसिंग पर एक छोटा कदम रखें। जब तक आप ज़ेबराक्रॉसिंग पर कदम नहीं रखेंगे आपके लिए यातायात नहीं रुकेगा।

**"ग्रीनमैन" क्रॉसिंग**: जब आप "ग्रीनमैन" क्रॉसिंग पर पहुँचते है तब किनारे के नजदीक फुटपाथ पर खड़े हो जाएं। कुछ क्रॉसिंग्स पर, ट्रैफिक लाइट के खंबे पर एक नियंत्रण बॉक्स लगा होता है। बटन दबाएँ और प्रतीक्षा करें (कुछ "ग्रीनमैन" क्रासिंग पेडेस्ट्रियन को केवल तभी हरा सिग्नल देंगे जब पुश बटन को दबाया जाए)। जब स्थिर "ग्रीन मैन" लाइट नजर आये तब आप सावधानी से सड़क पार कर सकते हैं। आपको तब सड़क पार नहीं करनी चाहिए जब पेडेस्ट्रियन लाइट फ़्लैश करता हुआ "ग्रीन मैन" दिखाई दे रहा है। यदि आपके सड़क पार करते समत "ग्रीन मैन" फ़्लैश करना आरंभ कर दे तब आप अपनी गति बनाए रखें और सड़क पार करना जारी रखें। यदि पेडेस्ट्रियन लाइट "रेड मैन" दिखा रही हो तब कभी भी सड़क पार नहीं करें या पार करना शुरू न करें। यदि ट्रेफिक लाइटें काम नहीं कर रही हैं तो क्रॉसिंग को एक एक सामान्य सावधानी वाली क्रॉसिंग के रूप में व्यवहार करें। यातायात को देखें और सड़क क्रॉसिंग कोड का पलन करते हुए अत्यंत सावधानी से सड़क पार करें।

यदि क्रॉसिंग के बीच कोई उठा हुआ भाग हो तो उस पर रुकें और सड़क पार करने के कोड और उपरोक्त नियमों तथा सलाह का फिर से पालन करें।

ज़ेबरा क्रॉसिंग की टेढ़ी-मेढ़ी रेखाओं के भीतर या "ग्रीन मैन" क्रॉसिंग, फुटब्रिज तथा सबवे के 15 मीटर के दायरे के भीतर सड़क पार करने की अनुमति नहीं है।

## साइकिल चलाते समय सुरक्षा

जब आप सड़कों पर साइकिल चला रहे हों तो निम्नलिखित सुरक्षा सुझावों का ध्यान रखें:

**यह करें**

1. सुनिश्चित करें कि ब्रेक सही ढंग से व्यवस्थित हैं और सही कार्य करने की स्थित में हैं, और पहियों को प्रभावी ढंग से रोक सकते हैं।
2. साइकिल की हालत की जाँच करें और साइकिल शुरू करने से पूर्व सुरक्षा हेलमेट तथा सुरक्षात्मक गियर (जैसे पैड और दस्ताने) पहनें।
3. सुनिश्चित करें कि साइकिल पर घंटी तथा पिछला लाल रंग के रिफ्लेक्टर लगे हों।
4. ट्रैफिक लाइट सिग्नल, ट्रैफिक संकेतों तथा सड़क के निशानों का पालन करें।
5. चमक वाले, हल्क रंग के, फ्लोरोसेंट कपडे/बेल्ट पहनें।
6. अंधकार या कम दृश्यता के समय सामने वाले सफेद लैंप तथा पीछे वाला लैंप ऑन कर दें।
7. यदि साइकिल पथ उपलब्ध हो तो हमेशा इसका उपयोग करें।
8. जब आपको ओवरटेक नहीं करना या मुड़ना नहीं हो तो हमेशा एक ही पंक्ति में चलें।
9. हमेशा सड़क के बायीं ओर चलें और गढ्डों, नालियों, सड़क विस्तार जाड़ों, ढक्कनों और ट्रेक आदि का ध्यान रखें।
10. सड़क पार करते समय सतर्क रहें।

**यह ना करें**

1. साइकिल पर यात्रियों को न बिठाएं।
2. साइकिल पर कोई भी ऐसा सामान या जानवर लेकर न चले जिससे आपकी दृष्टी में बाधा हो या आपका संतुलन बिगड़े।
3. साइकिल चलते समय हैंडल या पैडल न छोड़ें।
4. सड़क पर, किसी अन्य वाहन को न पकड़ें या किसी वस्तु को न खींचें।

5. बिना किसी वयस्क की निगरानी के ग्यारह वर्ष से कम आयु के बच्चे को सड़क पर साइकिल चलने की अनुमति नहीं है।
6. फुटपाथ पर साइकिल न चलाएं।
7. यातायात में एक तरफ से दूसरी तरफ या टेढ़े-मेढ़े न चलाएं।
8. शराब पीकर या नशीली दवाओं के प्रभाव में साइकिल न चलाएं।
9. साइकिल चलाते समय मोबाइल फ़ोन उपयोग ना करें या ऑडियो डिवाइस का हेडसेट उपयोग न करें।

अधिक सुरक्षित ढंग से साइकिल चलने की जानकारी के लिए परिवहन विभाग की "साइकिलिंग सूचना केंद्र" की वेबसाईट www.td.gov.hk/mini_site/cic/en पर विजिट करें।

## सुरक्षित ढंग से मोटर चलाना

वाहन चलते समय कृपया निम्नलिखित नियमों तथा सलाहों पर ध्यान दें:

**यह करें**

1. ध्यानपूर्वक वाहन चलाएं।
2. यदि लगाई है तो सीट बेल्ट पहनें।
3. हमेशा अपने तथा सामने वाले वाहन के बीच दो-सेकंड का फासला छोड़ें।
4. हमेशा ट्रेफिक नियमों का पालन करें और लेन अनुशासन बनाए रखें।

**यह ना करें**

1. शराब पीकर या नशीली दवाओं का सेवन करके वाहन न चलाएं।
2. थकान या बीमारी की अवस्था में वाहन न चलाएं।
3. अपने से सामने वाले वाहन के बहुत नजदीक न चलाएं।
4. वाहन चलते समय हाथ में पकाने वाले मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें।

अधिक सुरक्षित ढंग से मोटर चलाने की जानकारी के लिए www.td.gov.hk/en/road_safety/safe_motoring_guides/index.html. पर परिवहन विभाग की "सुरक्षित मोटरिंग गाइड" देखें।

## MTR

MTR कॉर्पोरेशन लिमिटेड शहरी क्षेत्रों, नए क्षेत्रों तथा लंताऊ द्वीप के साथ-साथ हांगकांग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए एक्सप्रेस कनेक्शन का एकीकृत रेल नेटवर्क संचालित करती है। यह मेनलैंड चीन में विभिन्न शहरों तक आने और जाने के लिए गुआंगजौ-शेनजेन-हांगकांग एक्सप्रेस रेल लिंक (XRL) के हांगकांग सेक्शन में इंटरसिटी यात्री सेवाएं भी प्रदान करती है।

यह नेटवर्क कुनटोंग लाइन, त्सुआनवान लाइन, आइलैंडलाइन, साउथ आइलैंड लाइन, त्सुंग क्वानओ लाइन, तुंग चुंग लाइन, डिजनीलैंडरिसार्ट लाइन, ईस्ट रेल लाइन, माऑनशान लाइन, तुंग चुंग लाइन और वेस्ट रेल लाइन को कवर करता है। ट्रेनें रोजाना लगभग सुबह 5:30 बजे से रात के 1:30 बजे तक चलती हैं। इसके अलावा, MTR प्रणाली एयरपोर्ट एक्सप्रेस के साथ-साथ लाइट रेल को भी कवर करती है। पहली रोजाना सुबह 05:50 से रात्रि 01:15 बजे तक सेवा प्रदान करती है, जबकि बाद वाली रोजाना लगभग सुबह 05:11 से रात्रि 01:27 तक संचालित होती है।

एअरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन सिंग यी तथा कोवलून स्टेशनों से गुजरते हुई हवाई अड्डे के पैसेंजर टर्मिनल तथा एकदम मध्य में हांगकांग स्टेशन के बीच आने और जाने वाले यात्रियों को लेकर जाती है। हवाई अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र की सेवा के लिए वर्ष 2005 के अंत में इस सेवा का विस्तार एशिया वर्ल्ड-एक्सपो स्टेशन तक किया गया था।

लाइट रेल नेटवर्क उत्तर-पूर्व के नए क्षेत्रों में नए शहरों, जैसे ट्यूएनमून, टिनशुईवाई तथा यू एनलांग को लिंक करता है। यह पश्चिमी रेलवे लाइन से जुड़ती है जो पश्चिम कोवलून तक जाती है।

MTRCL तीन प्रकार की सीमा-पारगमन ट्रेन सेवाएं भी प्रदान करती है। इंटरसिटी थ्रो-ट्रेन सेवाएं हांगकांग के हुंग होम स्टेशन से बीजिंग, शंघाई और ग्वांगडोंग में शहरों में संचालित होती हैं। लो वु और लो मा शाउ स्टेशन जो ईस्ट रेल लाइन द्वारा जुड़े हुए हैं, यात्रियों को शेनज़ेन कंट्रोल पॉइंट तक पहुँचने की अनुमति देते हैं। XRL ट्रेनें हांगकांग (वेस्ट कोवलून स्टेशन) और 58 मेनलैंड गंतव्यों के बीच चलती हैं, जिनमें छह छोटी-छूरी के गंतव्य और 52 लंबी दूरी के गंतव्य शामिल हैं, जो हांगकांग को नैशनल हाई स्पीड रेल नेटवर्क से जाड़ती हैं और हांगकांग और विभिन्न प्रमुख मेनलैंड शहरों के बीच लगने वाले रेल यात्रा समय में काफी कमी करती हैं।

पूछताछ: **2881-8888**

***सलाह:***
एक अत्यंत सुविधाजनक टिकट प्रकार है जिसे "ऑक्टोपस" कहा जाता है, जोकि MTR, सभी फ्रेंचाइज्ड बस मार्गों तथा अधिकांश नौका मार्गों पर कई यात्राओं के लिए एक संचित मूल्य कार्ड है। संचित मूल्य समाप्त होने पर आप किसी भी रेलवे स्टेशन या 7-11 किराणा स्टोर से एड वैल्यू मशीन / ग्राहक सेवा केंद्र पर अपने कार्ड को फिर से लोड कर सकते हैं। ऑक्टोपस पूछताछ प्रोसेसर का इस्तेमाल आपके ऑक्टोपस के शेष मूल्य को देखने के लिए किया जा सकता है। लाइट रेल के लिए, कृपया नोट करें कि एकबार आपने एक तरफ का टिकट ले लिया या अपने ऑक्टोपस कार्ड को मान्य करा लिया है तो आप गेट या टर्नस्टाइल पर जाए बिना सीधे ट्रेन में बैठे सकते हैं। तथापि, "सम्मान" वाली इस किराया प्रणाली पर यदा-कदा यात्री सेवा सहायकों द्वारा आकस्मिक जांच करना लागू है।

***ध्यान दें:***
MTR का रूट मैप इस गाइड- पुस्तिका के पीछे दिखाया गया है।

## फ्रेंचाइज्ड बस सेवाएं

हांगकांग में पांच कंपनियां फ्रेंचाइज्ड बस सेवाएं संचालित करती हैं। वे हैं कोवलून मोटर बस कोआपरेटिव (1933) लिमिटेड ("KMB), सिटीबस लिमिटेड (जिसकी दो फ्रैचाइज़ी हैं), न्यू वर्ल्ड फर्स्ट बस सर्विसेज लिमिटेड ("NWFB"), न्यूलांताओ बस को (1973) लिमिटेड ("NLB") और लॉन्गविन बस कोऑपरेटिव लिमिटेड। अधिकांश बस सेवाएं सुबह 6:00 बजे से मध्य रात्रि तक और कुछ सारी रात चलती हैं।

***सलाह:***
आपको बस में यात्रा करने के लिए कोई टिकट खरीदने की आवश्यकता नहीं होती है। बस पर चढ़ने के बाढ़ ड्राईवर के पास फेयरबॉक्स में सटीक किराया डालें। और भी आसान है कि उपरोक्त सभी बसें ऑक्टोपस द्वारा भुगतान स्वीकार करती हैं। जब आप उतरना चाहते हैं, रोकें बटन दबाएँ। यदि सीट के साथ सीटबेल्ट लगी हैं तो सीटबेल्ट पहनें। चालक को अवरोधित या ध्यान भंग मत करें। बस कम्पार्अमेंट में खड़े होने या चलते समय और यात्रा में सीढ़ियों पर चढ़ते और उतरते समय हैंड रेल को सख्ती से पकड़ें

| | | |
|---|---|---|
| पूछताछ: | Citybus | **2873-0818** |
| | KMB | **2745-4466** |
| | Long Win | **2261-2791** |
| | NLB | **2984-9848** |
| | NWFB | **2136-8888** |

## मिनीबस

हांगकांग में दो प्रकार की मिनी बस हैं। दोनों पीले रंग होती हैं लेकिन कुछ में लाल छत (लाल मिनीबस) होती हैं और अन्य बसों में हरे रंग की छतें (हरी मिनीबस) होती हैं। हरी मिनीबसें निर्धारित मार्ग, किराया वाहन आवंटन तथा समय सारणी के साथ अनुसूचित सेवाएं प्रदान करती है; लाल मिनीबसें निर्धारित मार्गों, किरायों तथा और समयसारणी के बगैर संचालित होती हैं। मिनीबस में 7 जुलाई 2017 से बैठने की क्षमता 16 सीटों से बढ़ाकर 19 सीटें कर दी गई है।

हरी मिनीबस पर चढ़ते पर किराए का भुगतान किया जाता है। सभी हरी मिनी बसें ऑक्टोपस कार्ड द्वारा भुगतान स्वीकार करती हैं। अधिकांश लाल मिनी बसों में आप उतरते समय भुगतान करते हैं। कुछ लाल मिनीबसें ऑक्टोपस कार्ड द्वारा भुगतान स्वीकार करती हैं लेकिन अधिकांश नहीं करती। सुनिश्चित करें कि चालक के पास छूटे न होने पर आपके पास सटीक किराया हो। यदि सीट के साथ सीटबेल्ट लगी हैं तो सीटबेल्ट पहनें।

***सलाह:***
हरी या लाल मिनीबस को रोकने के लिए ताकि आप उतर सकें, किसी स्थानी निवासी की तरह “याऊलोक” कहें किसका कैंटोनीज में अर्थ है “कृपया रोकें”। यदि आप मिनीबस के चालक की सराहना करते हैं या यदि आप सेवा से संतुष्ट नहीं है तो तारीख, समय, घटना का स्थान तथा साथ में वाहन पंजीकरण संख्या प्राप्त करें और परिवहन शिकायत हॉटलाइन **2889-9999** या 1823 पर कॉल करें।

## ट्राम

डबल डेकर ट्राम कारें हांगकांग द्वीप के उत्तरी किनारे पर चलती हैं। सबसे लम्बा मार्ग कैंनेडी टाउन से शुरू होकर शॉ केइ वान पर समाप्त होता है। इसके अलावा छह और

मार्ग भी संचालित होते हैं, वे हैं: शाऊकेइवाइन और हैप्पी वैली; नार्थ प्वाइंट आयर व्हार्ट स्ट्रीट (शेकटोंगसुई) कॉजवे बे और व्हार्टस्ट्रीट (शेकटोंगसुई); हैप्पी वैली और कैनेडी टाउन; शॉकेईवान और वेस्टर्न मार्किट; और पश्चिमी मार्केट और कैनेडीटाउन के बीच का एक छोटा मार्ग।

12 वर्ष या अधिक उम्र के व्यक्ति के लिए एक तरफ यात्रा का किराया $2.6 है जबकि 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए $1.2 का शुल्क लिया जाता है और 65 वर्ष या इससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए $1.1 शुल्क लिया जाता है। कोई खुले पैसे नहीं दिए जाते इस लिए सुनिश्चित करें कि सटीक किराया हो या आप ऑक्टोपस कार्ड से भुगतान करें। मार्गों की सेवा के आधार पर, ट्राम सेवा आमतौर पर सुबह 6: 00 से मध्यरात्रि तक रोजाना संचालित होती हैं।

पूछताछ: **2548-7102**

## फेरी

स्टार फेरी सुबह 6:30 बजे से रात 11:30 बजे तक तक शिम शा सुई तथा सेंट्रल के बीच रोजाना और सोमवार से शनिवार (सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर) सुबह 7:20 बजे से रात 11 बजे तक और रविवार तथा सार्वजनिक अवकाशों पर 7:30 से रात 11:00 बजे तक संचालित होती हैं। सिम शा त्सुई तथा वान चाई सेवाएं लेने के लिए बस एक वेंडिंग मशीन से किराए का टोकन खरीदें या ऑक्टोपस कार्ड का उपयोग करें और शनिवार, रविवार तथा सार्वजनिक अवकाशों पर अलग किराए लिए जाएंगे।

फोर्च्यून फेरी सुबह 7:30 बजे से शाम 7:20 बजे तक सेंट्रल औौ ह्वांग होम के बीच सोमवार से शनिवार (सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर) और रविवार तथा सार्वजनिक अवकाशों पर सुबह 7:30 से शाम 6:20 बजे तक संचालित होती हैं।

न्यू वर्ल्ड फर्स्ट फेरी (NWFF) लांटाऊ द्वीप (मुईवू) तथा चेंग चाउ के लिए सेवाएं देती है, जब कि हांगकांग और कोवलून फेरी लिमिटेड (HKK) पेंगचाउ में सेवा प्रदान करती है; और विन्टरटेक्स लिमिटेड तथा आइलैंड्स फेरी कंपनी लिमिटेड लैम्मा द्वीप में सेवाएं प्रदान करती हैं। ये बाह्य द्वीप फेरी सेवाएं सेंट्रल में घाटों से रवाना होती है। किराया आपके गंतव्य स्थान नौका प्रकार के अनुसार बदलता है और रविवार तथा सार्वजनिक अवकाशों पर अलग किराए लिए जाएंगे।

डिस्कवरी वे ट्रांसपोर्टेशन लिमिटेड (DBTPL) सेंट्रल में घाट 3 से प्रस्थान करके लांताऊद्वीप पर डिस्कवरी बे के लिए 24 घंटे सेवाएं प्रदान करती है।

पार्क आइलैंड ट्रांसपोर्टेशन कंपनी लिमिटेड (PITCL) मा वान को सेवाएं प्रदान करती है, जो सेंट्रल और त्सुआन वान के सार्वजनिक घाट में घाट 2 से प्रस्थान करती है।

ये सभी सेवाएं नकद और ऑक्टोपस कार्ड द्वारा भुगतान स्वीकार करती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| पूछताछ: | Star Ferry | **2367-7065** |
| | Fortune Ferry | **2994-8155** |
| | NWFF | **2131-8181** |
| | HKK | **2815-6063** |
| | Winnertex | **2815-6063** |
| | Islands Ferry | **2815-6063** |
| | DBTPL | **2987-7351** |
| | PITCL | **2946-8888** |

## टैक्सी

शहरी टैक्सियां (लाल) हांगकांग के अधिकांश क्षेत्रों में (तुंगचुंग रोड तथा दक्षिणी लांटाऊ में सडकों को छोड़कर) चलती हैं। न्यू टेरिटोरिज टैक्सियां (हरी) मुख्य रूप से उत्तर पूर्वी भाग (यानीशाटिन के उत्तर) और नए क्षेत्रों के उत्तर- पश्चिमी भाग (यानी त्सुआन के उत्तर) में संचालित होती हैं। लांटाऊ टैक्सियां (नीली) केवल लांताऊ द्वीप और चेक लेप कोक पर संचालित होती है। सभी टैक्सियां को हांगकांग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तथा हांगकांग डिजनीलैंड पर सेवाएं प्रदान करने की अनुमति है। प्रभावी संवाद सुनिश्चित करने के लिए टैक्सी चालक को चीनी भाषा में लिखा पता दिखाना आमतौर पर सबसे अच्छा तरीका है।

जब कोई टैक्सी किराये के लिए उपलब्ध होती है तब इसके विंडो स्क्रीन के मध्य के पास एक छोटा लाल रंग का “हायर के लिए” फ्लैग प्रदर्शित होना चाहिए। रात में भी छत पर “टैक्सी” का संकेत जलना चाहिए। किराए अनुमोदित किराया स्केल के अनुसार लिए जाते हैं जो टैक्सी मीटर पर दिखाए जाते हैं। टैक्सी के अंदर डोर पैनल पर भी टैक्सी किराया तालिका प्रदर्शित की जाती है। यदि सीट के साथ सीटबेल्ट लगी हैं तो सीटबेल्ट पहनें।

***सलाह:***

यदि आप टैक्सी चालक की सराहना करना चाहते हैं या आप सेवा ,से संतुष्ट नहीं है तो वाहन पंजिकर्स संख्या या टैक्सी चालक की पहचान प्लेट (जैसे टैक्सी चालक की पहचान प्लेट की संख्या) पर जानकारी प्राप्त करें और **2889-9999** पर परिवहन शिकायत हॉटलाइन पर कॉल करें। यदि आपका कोई कीमती सामान टैक्सी में छूट जाता है तो पुलिस से संपर्क करें या टैक्सी में गुम हुए सामान के लिए 24 घंटे की मुफ्त हॉटलाइन **187-2920** पर रोड को-ऑप्ट को कॉल करें।